*Total number of printed pages–7*

**1 (Sem–2) HIN**

M.L.C. LIBRARY
G.L. CHOUDHURY COLLEGE

**2025**

**HINDI**

Paper : HIN0200104

***( Hindi Vyakaran )***

**( हिन्दी व्याकरण )**

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सटीक उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) संधि करके शब्द बनाइए :

महा + ऋषि ; यदि + अपि

(ख) समास साधित करके शब्द की रचना कीजिए :

हाथ के लिए कड़ी ; वीणा है पाणि में जिनके



(ग) 'को' चिह्न जोड़कर एकवचन और बहुवचन में 'लड़की' शब्द की कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(घ) संबोधन कारक के एकवचन और बहुवचन में 'साधु' शब्द के रूप बनाइए।

(ङ) शुद्ध करके अधोलिखित वाक्य को फिर से लिखिए :

आपका पत्र धन्यवाद-सहित मिला।

(च) निम्नलिखित वाक्य को सरल वाक्य के रूप में प्रस्तुत कीजिए :

सूर्योदय हुआ और अंधकार जाता रहा।

(छ) 'कनक' शब्द के दो अर्थ बताइए।

(ज) एकार्थक शब्द 'अभिलाषा' का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं छः*** के उत्तर अत्यन्त संक्षेप में दीजिए : 2×6=12

(क) 'अनु' और 'उप' उपसर्गों के व्यवहार से दो-दो शब्द बनाइए।



(ख) 'ता' और 'पन' प्रत्यय-युक्त दो-दो शब्दों का उल्लेख कीजिए।

(ग) वचन-परिवर्तन के जरिए निम्नलिखित शब्दों के नये रूप लिखिए :

अध्यापिका ; पहिये ; कामनाएँ ; नीति

(घ) निम्नलिखित शब्दों के पुल्लिंग-रूप लिखिए :

बुढ़िया ; धोबिन ; हथिनी ; औरत

M.L.C. LIBRARY
G.L. CHOUDHURY COLLEGE

(ङ) दोनों वचनों में 'वह' सर्वनाम की करण कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(च) सामान्य वर्तमान काल, अन्य पुरुष, पुल्लिंग-स्त्रीलिंग और एकवचन-बहुवचन में 'लिखना' क्रिया की रूप-रचना कीजिए।

(छ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

*(i)* लड़के को जोरों का प्यास लगा है।

*(ii)* कवयित्री ने अपनी कविता पढ़कर सुनाया।

(ज) निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए :

*(i)* परिश्रमी विद्यार्थी को अवश्य सफलता मिलती है।

*(ii)* हार होने पर चिन्ता करना व्यर्थ है।

(झ) 'आकाश' शब्द के *दो* पर्यायवाची शब्द बताकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(ञ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :

जिसकी उपमा न हो; जो संगीत जानता है; पथ का प्रदर्शन करनेवाला; जो बहुत कठिनाई से मिलता है

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) निम्नलिखित व्यंजन संधियों को साधित करके नियमों का उल्लेख कीजिए :

दिक् + गज; उत् + नति; अहम् + कार; उत् + लास; परि + छेद

(ख) कर्मधारय समास का स्वरूप स्पष्ट करते हुए *किन्हीं तीन* उदाहरणों के साथ यह बताइए कि उसके जरिए किस प्रकार शब्द बनाए जाते हैं।

(ग) दोनों वचनों में 'मैं' सर्वनाम की कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।



(घ) पूर्ण भूतकाल में (तीनों पुरुषों, दोनों वचनों और दोनों लिंगों में) 'खाना' क्रिया की रूप-रचना कीजिए।

(ङ) हिन्दी में निषेधार्थक वाक्यों की रचना एवं प्रयोग पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(च) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

*(i)* रजनी या राजू तुम्हें बुलाएगी।

*(ii)* भाइयों और बहनों! तुमलोग मेरी बात मानो।

*(iii)* बीस रुपया में यह खिलौने खरीद लो।

*(iv)* तुम्हें अभी बहुत-सी बातें सीखना है।

*(v)* ये पंक्तियाँ 'भिक्षुक' कविता से ली है।

M.L.C. LIBRARY
G.L. CHOUDHURY COLLEGE

(छ) निम्नांकित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

अमावस्या; उत्थान; ज्येष्ठ; सन्यासी; स्तुति; निर्मल; मूर्ख; सुगन्ध; स्थूल; विस्तीर्ण



(ज) निम्नलिखित शब्दों के *दो-दो* अर्थ बताकर वाक्यों में उनका प्रयोग इस प्रकार करें ताकि अर्थ का अन्तर स्पष्ट हो :

आपत्ति; गुरु; पत्र; आम; उत्तर

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) उपसर्ग किसे कहते हैं? उपसर्ग के जोड़े जाने पर शब्द के अर्थ पर कैसे प्रभाव पड़ते हैं? 'अति', 'अधि', 'गैर', 'ला' और 'भर' उपसर्गों का प्रयोग करके *दो-दो* शब्द बनाइए। 2+3+5=10

(ख) 'वचन' क्या है? हिन्दी में वचन के कितने भेद हैं? परसर्ग-सहित संज्ञा-शब्दों के वचन-परिवर्तन पर सोदाहरण चर्चा कीजिए। 2+2+6=10

(ग) भविष्यत् काल किसे कहते हैं? सामान्य भविष्यत् काल में (तीनों पुरुषों, दोनों वचनों और दोनों लिंगों में) 'जाना' और 'पढ़ना' क्रियाओं की रूप-रचना कीजिए। 2+4+4=10

(घ) हिन्दी वाक्य-रचना के सन्दर्भ में पदक्रम और अन्वय के महत्व पर उदाहरण-सहित प्रकाश डालिए।



(ङ) पर्यायवाची शब्द का आशय क्या है? 'अग्नि'; 'आनन्द'; 'गंगा' और 'जल' शब्दों के *तीन-तीन* पर्यायवाची शब्द बताकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2+8=10

---

M.L.C. LIBRARY
G.L. CHOUDHURY COLLEGE